पुलिस और एसओजी ने नकली नोटों के साथ तीन को पकड़ा, 2,54,900 रुपये के नोट बराबद



उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा की ईकोटेक 1 थाना पुलिस और SOG टीम ने नकली नोटों की छपाई और तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 100-100 रुपये के कुल 2,549 जाली नोट बरामद किए हैं। बरामद नोटों की कुल कीमत 2,54,900 रुपये बताई गई है। आरोपियों के पास से नकली नोट छापने वाला प्रिंटर, नोटों की कटिंग करने वाली मशीन, एक स्कॉर्पियो कार, चार मोबाइल फोन, आईडी कार्ड और अन्य दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

Source: https://www.indiatv.in/uttar-pradesh/police-and-sog-arrested-three-people-with-fake-currency-notes-rs-2-54-900-worth-of-notes-recovered-2026-10-06-1247278